# रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर अम्बेडकरनगर।

राष्ट्रीय सेवा योजना

NATIONAL SERVICE SCHEME

## वार्षिक आख्या (इकाई एक)

## सत्र : 2019–20

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## 2019–20

## रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर अम्बेडकरनगर।

## आलेख

डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या द्वारा रमाबाई राजकीय महिला पी0जी0 कालेज अकबरपुर अम्बेडकरनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाइयों स्वीकृत की गयी है। इकाई प्रथम के कार्यक्रमाधिकारी पद पर डॉ0 राजेश कुमार यादव एवं इकाई द्वितीय के कार्यक्रमाधिकारी पद पर डॉ0 सीमा यादव कार्यरत हैं। प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह के संरक्षण में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की सलाहकार समिति के सम्मानित सदस्यगणों के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारियों के सफल निर्देशन में सामान्य कार्यक्रम के अन्तर्गत इकाई एक व दो की छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में 59 घण्टे एवं चयनित किये गये दोनों ग्रामों अफजलपुर एवं ताजनपुर में क्रमशः 76–76 घण्टे अर्थात् कुल 135 घण्टे कार्य सम्पादित किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो के विशेष शिविर का आयोजन 12 दिसम्बर से 18 दिसम्बर 2019 के मध्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। विशेष शिविर का उद्घाटन डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ0 समीर सिन्हा, के कर कमलों द्वारा तथा समापन माननीय प्राचार्य महोदया जी के द्वारा किया गया।

सामान्य कार्यक्रम के दौरान सम्पादित प्रमुख कार्यक्रमों का विवरण निम्नवत् है –

01. 15 अगस्त 2019 को स्वतंत्रता दिवस के सुअवसर पर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं द्वारा श्रमदान, वृक्षारोपण तथा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह ने युवा पीढ़ी से राष्ट्रहित में आगे आने का आवाहन करते हुए कहा कि आज की सदी में देश को देशभक्त की ज्यादा जरूरत है आज स्वतंत्रता के लिए नही अपितु देश के भीतर की समस्याओं जैसे आतंकवाद एवं भ्रष्टाचार आदि के लिए लड़ना है। संगोष्ठी को डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, श्रीमती विजय लक्ष्मी, डॉ0 नन्दन सिंह, कुँवर संजय भारती, डॉ0 संगीता, डॉ0 सीमा यादव, प्रो0 अरूणकान्त गौतम, डॉ0 महेन्द्र यादव, डॉ0 सुधा, प्रो0 चन्द्रभान व डॉ0 राजेश कुमार द्वारा भी सम्बोधित किया गया।

2. 05 सितम्बर 2019 को महाविद्यालय परिसर में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया तथा अपने विचार प्रस्तुत किये।

3. 24 सितम्बर 2019 को डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परिसर में महात्मा गाँधी की 150वीं जयन्ती एवम् राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव व डॉ0 सीमा यादव के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने एकल गायन प्रतियोगिता में भाग लिया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी।

4. 01 अक्टूबर 2019 को अभिग्रहीत ग्रामों में स्वच्छ भारत अभियान एवं गाँधी जी की 150वीं जयन्ती के अर्न्तगत स्वच्छता कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

5. 02 अक्टूबर 2019 को गाँधी जयन्ती के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं द्वारा वृक्ष लगाये गये। उरोक्त के साथ–साथ छात्राओं द्वारा अपने स्वयं के निवास स्थानों के आस–पास वृक्ष लगाये गये। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रओं ने रामधुन का पाठ करते हुए मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। प्राचार्य प्रो० शेफाली सिंह व कालेज के अन्य प्रवक्तागण डॉ० अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ० अजीत प्रताप सिंह, डॉ० मनोज गुप्ता, प्रो० रवीन्द्र कुमार वर्मा, कुँवर संजय भारती, डॉ० अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ० विजय प्रकाश सिंह, डॉ० राजेश कुमार, डॉ० पूनम, डॉ० महेन्द्र यादव, दोनो कार्यक्रम अधिकारीगण एवं छात्राओं ने वृक्षारोपण एवं श्रमदान किया।

6. 15 अक्टूबर 2019 को एक दिवसीय विशेष शिविर के अर्न्तगत अभिग्रहीत ग्रामों में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत् गोष्ठी, नुक्कड़ नाटक एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राजेश कुमार यादव एवं डॉ० सीमा यादव के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो० शेफाली सिंह ने किया। डॉ० राजेश कुमार यादव ने छात्राओं को मतदाता बनने व मतदान करने की महत्ता को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर छात्राओं ने मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों का मंचन किया। महाविद्यालय के अन्य प्रवक्तागणों ने भी छात्राओं को मतदान हेतु जागरूक किया।

7. 18 अक्टूबर 2019 को चयनित ग्रामों में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने सामाजिक–आर्थिक सर्वेक्षण कर सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार की तथा सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े हुए ग्रामवासियों को अपनी सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं से ऊपर उठने के कई बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए जागरूक किया। स्वच्छ भारत अभियान के अर्न्तगत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

8. 14 नवम्बर 2019 को बाल दिवस के अवसर पर बाल विकास एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम तथा विभिन्न शैक्षिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत बाल स्वास्थ्य से सम्बन्धित तमाम जानकारियाँ ग्रामवासियों को दी गयी।

9. 19 नवम्बर 2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने कौमी एकता सप्ताह के अवसर पर एक दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राजेश कुमार यादव एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ० सीमा यादव के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में सर्वप्रथम "कौमी एकताः राष्ट्रीय सेवा योजना, विविधता में एकता एवं विकास का पर्याय— विषयक निबन्ध प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके पश्चात् छात्राओं ने चयनित ग्रामों में जाकर नुक्कड़ नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामवासियों को राष्ट्रीय एकता एवं भाईचारे के प्रति जागरूक किया।

10. 26 नवम्बर 2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं को प्राचार्य प्रो० शेफाली सिंह द्वारा संविधान की शपथ दिलाई गई तथा महाविद्यालय के सभागार में परिचर्चा का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्रवक्तागण भी मौजूद रहें।

11. 28 नवम्बर 2019 राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने श्रमदान कर राष्ट्रीय सेवा योजना पार्क का सौन्दर्यीकरण किया एवं रोपित वृक्षों की देखभाल की।

12. 01 दिसम्बर 2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने एक दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत एड्स दिवस के अवसर पर प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में सर्वप्रथम प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने चयनित ग्रामों में एड्स जागरूकता कार्यक्रम, गोष्ठी एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामवासियों को एड्स के प्रति जागरूक किया। महाविद्यालय के सभागार में अपराह्न 3.00 बजे एड्स जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ0 अजीत प्रताप सिंह, डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ0 विजय प्रकाश सिंह, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 विजय लक्ष्मी यादव, डॉ0 आनन्द कुमार, डॉ0 महेन्द्र यादव, प्रो. चन्द्रभान, डॉ0 राजेश कुमार आदि प्रवक्तागणों ने भी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

13. 03 दिसम्बर 2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं द्वार चयनित ग्रामों में स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन किया गया।

14. 05 दिसम्बर 2019 को महाविद्यालय परिसर में पंथनिरपेक्ष शब्द पर चर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी प्रवक्तागणों ने परिचर्चा में भाग लिया एवं छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

15. 10 दिसम्बर 2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो द्वारा प्राचार्य की अध्यक्षता में मानवाधिकार दिवस पर रैली एवं भारत में मानवाधिकार संकट विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह ने मानवाधिकार की महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डाला। सम्पूर्ण विश्व में हो रहे मानवाधिकारों के हनन पर गहरी चिन्ता व्यक्त की और कहा कि सुरक्षित जीवन जीने के लिए मानवाधिकार आवश्यक है। इस अवसर पर डॉ0 सीमा यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ0 अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रो0 चन्द्रभान, डॉ0 राजेश कुमार, डॉ0 विजय प्रकाश सिंह, प्रो0 विजय लक्ष्मी यादव, प्रो0 सीता पाण्डेय, डॉ0 महेन्द्र यादव, डॉ0 अजीत प्रताप सिंह, डॉ0 सुधा, डॉ0 पूनम, प्रो0 संगीता, प्रो0 रवीन्द्र कुमार वर्मा आदि प्रवक्तागणों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये।

16. 20 दिसम्बर 2019 को महाविद्यालय परिसर में वृद्धजनों की समस्याओं पर गोष्ठी का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं द्वारा किया गया। संगोष्ठी में वृद्धजनों की समस्याओं के कई पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। साथ ही साथ छात्राओं ने चयनित ग्रामों में जाकर वृद्धजनों के बारे में वास्तविक रूप से चर्चा की एवं उसके समाधान के लिए प्रयास किये। इस अवसर पर कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव व डॉ0 सीमा यादव ने संगोष्ठी में आये क्षेत्रीय वृद्धजनों के प्रति आभार प्रकट किया।

17. 23 दिसम्बर 2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने चयनित ग्रामों में जाकर संविधान विषय पर ग्रामीणों से चर्चा की और उन्हें उनके अधिकारों एवं कर्त्तव्यों के प्रति जागरूक किया।

18. 07 जनवरी 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने चयनित ग्रामों में जाकर महिलाओं के बीच बुनाई, सिलाई, कढ़ाई आदि रोजगारपरक कार्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया। रोजगारपरक कार्यक्रम कार्यक्रमाधिकारियों के निर्देशन में सकुशल सम्पन्न हुआ।

19. 10 जनवरी 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने चयनित ग्रामों में ग्रामीणों के मध्य पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण विषय पर चर्चा की तथा उन्हें वृक्षारोपण के लिए प्रेरित भी किया।

20. 12 जनवरी 2020 को एक दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत युवा सप्ताह पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों एवं नारा लेखन निबन्ध लेखन रंगोली पोस्टर आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का अयोजन किया गया। स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के उपलक्ष्य में उनके व्यक्तिगत और कृतित्व को रेखांकित करते हुए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव व डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में सम्पन्न इस कार्यक्रम में प्रो0 चन्द्रभान एवं प्रो0 विजय लक्ष्मी यादव ने स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी का संचालन डॉ0 सीमा यादव ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का युवा आने वाले देश का भविष्य है इसलिए इसे अपने अधिकारों के प्रति एवं देश के विकास के लिए सजग रहने की आवश्यकता है, ये युवा शक्ति ही इस देश के विकास को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे सकती है। संगोष्ठी में छात्राओं के अलावा प्रो0 अरूणकान्त गौतम, डॉ0 पूनम, डॉ0 अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 विजय प्रकाश सिंह, प्रो0 विजय लक्ष्मी यादव, डॉ0 राजेश कुमार, डॉ0 महेन्द्र यादव, डॉ0 मनोज गुप्ता, डॉ0 नन्दन सिंह आदि प्रवक्तागण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने चयनित ग्रामों में युवा सप्ताह पर श्रमदान एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया। छात्राओं के बीच विभिन्न प्रकार के रोगों से सम्बन्धित दवाओं का मुफ्त में वितरण किया गया। छात्राओं द्वारा नालियों की सफाई की गयी। छात्राओं ने स्वास्थ्य जागरूकता के अन्तर्गत रोगों की रोक–थाम के उपाय, टीके लगाने व रोगियों के मदद् करने से सम्बन्धित जानकारियों को ग्रामवासियों को बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो0 अरूणकान्त गौतम, प्रो0 राजेश कुमार, डॉ0 नन्दन सिंह, प्रो0 चन्द्रभान, प्रो0 रवीन्द्र कुमार वर्मा, डॉ0 महेन्द्र यादव आदि लोग मेले में उपस्थित रहे।

21. 15 जनवरी 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने ग्रामीणों को मृदा परीक्षण के विषय में बताया। साथ ही यह भी जानकारी दी कि वे मृदा परीक्षण करवाकर किस प्रकार अपनी कृषि–आय को बढ़ा सकते हैं।

22. 16 जनवरी 2020 को महाविद्यालय परिसर में युवा सप्ताह पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने श्रमदान किया एवं इस अवसर पर स्वास्थ्य मेले का भी आयोजन किया गया।

23. 25 जनवरी 2020 मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम प्रातः 10.00 बजे एकलव्य स्टेडियम में जिलाधिकारी महोदय एवं महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक प्रो0 शेफाली सिंह ने समस्त प्राध्यापकों कर्मचारियों एवं छात्राओं को मतदाता शपथ दिलायी तत्पश्चात् प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव एवं डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में इकाई एक व दो छात्राओं ने जागरूकता रैली के माध्यम से मतदाता को लोकतंत्र में शत् प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। महाविद्यालय के सभागार में अपराहन 2:30 बजे प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह की अध्यक्षता में लोकतंत्र सुलभ निर्वाचन एवं मतदाता जाकगरूकता विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गयां संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव ने बताया कि "भारतीय लोकतंत्र अपने नागरिकों को जाति, धर्म, वर्ग समुदाय, लिंग भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना वोट देने का अधिकार देता है अतः सुलभ निर्वाचन हेतु मतदाताओं को जागरूक रहकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए और लोकतंत्र की परम्पराओं को बनाए रखने हेतु

4

अन्य लोगों में भी जागरूकता लानी चाहिए इस अवसर पर डॉ0 राजेश कुमार, डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, कुँवर संजय भारती, डॉ नन्दन सिंह, डॉ0 सुधा, डॉ0 विजय लक्ष्मी यादव, डॉ0 पूनम व अन्य प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे।

24. 26 जनवरी 2020 को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। आयोजित संगोष्ठी प्राचार्य जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें राष्ट्र निर्माण में बाधक समस्याओं पर प्रकाश डाला गया। सभा को कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव व डॉ0 सीमा यादव डॉ0 महेन्द्र यादव, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 अरूणकान्त गौतम, डॉ0 पूनम, प्रो0 विजय लक्ष्मी यादव आदि लोगों ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

25. 07 फरवरी 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं द्वारा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने हेतु महाविद्यालय परिसर में कूड़ा प्रबन्धन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्लास्टिक थैलों के प्रयोग से संबंधित जागरूकता अभियान चलाकर निषेद्ध के सम्बन्ध में बताया गया। कूड़े से बिजली बायोगैस संयंत्र शौचालयों के प्रयोग आदि के विषयों पर भी जानकारियॉं दी गयी। इस अवसर पर संगोष्ठी का अयोजन भी किया गया। कार्यशाला में छात्राओं के आलावा ग्रामीण लोग भी उपस्थित रहे।

26. 10 फरवरी 2020 को अभिग्रहित ग्रामों में प्रौढ़ शिक्षा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने लोगों के बीच नुक्कड़ नाटक, लोकनृत्य, गीत, लोकगीत आदि कार्यक्रम को सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम कार्यक्रमाधिकारियों के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

27. 15 फरवरी 2020 को अभिग्रहीत ग्रामों में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं द्वारा भारत के पारम्परिक संस्कृति का संरक्षण विषय पर ग्रामीणों के मध्य परिचर्चा का आयोजन किया गया।

28. 16 फरवरी 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में समूह गान, लोकनृत्य, लोकगीत, नाटक, समूह नृत्य, वाद–विवाद आदि प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

29. 19 फरवरी 2020 को चयनित ग्रामों में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने दहेज प्रथा विषय पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया तथा ग्रामीणों को इस कुप्रथा से दूर रहने का संदेश दिया।

30. 02 मार्च 2020 को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं के मध्य सांस्कृतिक एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

31. 08 मार्च 2020 को अभिग्रहीत ग्रामों में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने ग्रामीण महिलाओं के मध्य अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया।

32. 09 मार्च 2020 को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना पार्क की सफाई का कार्य सम्पादित कियां सफाई के उपरान्त पेड़–पौधों को जल से सींचा तथा गोबर की खाद डाली।

33. 11 मार्च 2020 को इकाई एक व दो की छात्राओं ने चयनित ग्रामों में पूर्ण जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामों में विभिन्न प्रकार के प्रेरक नारों का लेखन किया तथा श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

## विशेष शिविर

राष्ट्रीय सेवा योजना की महाविद्यालय में संचालित दोनों इकाइयों का 07 दिवसीय विशेष शिविर (रात–दिन) दिनांक 12 दिसम्बर 2020 से 18 दिसम्बर 2020 के मध्य आयोजित किया गया। इसमें दोनों इकाईयों से 100 छात्राओं ने भाग लिया 12 दिसम्बर 2020 से 18 दिसम्बर 2020 के मध्य इकाई–एक की छात्राओं द्वारा ग्राम ताजनपुर में एवं इकाई दो की छात्राओं द्वारा ग्राम अफजलपुर में जन–जागरण, साक्षरता श्रमदान हरियाली एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के मुख्य लक्ष्यों/कार्यो को सम्पादित किया गया। अपराहन 2:30 बजे से 4:30 बजे तक प्रतिदिन बौद्धिक संगोष्ठी तथा रात्रि में 7.00 बजे से 9:00 बजे के मध्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रतिदिन किया गया।

01. 12 दिसम्बर 2020 को रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर अम्बेडकरनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। उद्घाटन समारोहक के मुख्य अतिथि डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ0 समीर सिन्हा ने कहा कि शिविर मे प्राप्त अनुभवों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की सार्थकता सिद्ध होगी। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक प्रो0 शेफाली सिंह ने की। शिविरार्थी छात्राओं मोहिनी, साक्षी, यशी, अभिप्रिया आदि ने सरस्वती वन्दना, नृत्य, लघु नाटिका, गायन आदि प्रस्तुत किया। प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 सीमा यादव ने किया। इस अवसर पर डॉ0 अरूणकान्त गौतम, डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ0 विश्वनाथ द्विवेदी, कुँवर संजय भारती, प्रो0 रवीन्द्र कुमार वर्मा, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 सुधा, डॉ0 विजय लक्ष्मी यादव, डॉ0 अजीत प्रताप सिंह, डॉ0 मनोज गुप्ता, डॉ0 शाहिद परवेज, डॉ0 महेन्द्र यादव, डॉ0 पूनम, डॉ0 संगीता, डॉ0 वालेन्तिना प्रिया व अन्य प्रवक्तागण भी उपस्थित रहें। रात्रि में सांस्कृतिक संध्या के अर्न्तगत छात्राओं पल्लवी, रूपल, सुषमा, आयुषी, सलोनी, प्रज्ञा आदि ने नृत्य, लघु नाटिका शिक्षा का महत्व आदि कार्यक्रमों की प्रस्तुति की।

02. 13 दिसम्बर 2020 राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन आज प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में छात्राओं ने चयनित ग्रामों का सामाजिक–आर्थिक सर्वेक्षण कर उपलब्ध शैक्षिक स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली तथा सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार की। छात्राओं ने ग्रामवासियों को जनसंख्या वृद्धि तथा प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से होने वाले खतरों के बारे में जानकारी देकर पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाया। महाविद्यालय के सभागार में अपराहन 2.00 बजे पर्यावरण एवं स्वच्छता विषय पर बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय की संरक्षक एवं प्राचार्य महोदया प्रो0 शेफाली सिंह ने की। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ0 अखिलेन्द्र प्रताप सिंह , डॉ0 विजय प्रकाश सिंह ने

उक्त विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्वस्थ शरीर, निश्छलम न एवं बौद्धिक विकास स्वच्छ परिवेश से ही संभव है। इस अवसर पर डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ0 अरूणकान्त गौतम, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 सुधा, डॉ0 शाहिद परवेज, डॉ0 पूनम, डॉ0 संगीता व अन्य प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे। रात्रि में सांस्कृतिक संध्या के अन्तर्गत छात्राएँ निकिता, आयुषी, अन्जू, पूर्णिमा, रूपल, अभिप्रिया, अपूर्वा श्वेता आदि ने नृत्य, गायन एवं लघु नाटिका कार्यक्रमों की प्रस्तुति की।

03. 14 दिसम्बर 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन आज प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली मतदाताओं को लोकतंत्र में शत् प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए जागरूक किया आगामी चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया तथा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान 2020 के तहत् चयनित ग्रामों में जाकर 01 जनवरी 2020 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नये युवा मतदाताओं के फॉर्म–6 पूर्ण कराये। दूसरे पहर महाविद्यालय के सभागार में अपराहन 2.30 बजे प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह की अध्यक्षता में भारतीय लोकतंत्र में मतदाता जागरूकता विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रो0 चन्द्रभान ने बताया कि जागरूक मतदाता एक तरह से लोकतंत्र की रूह है बिना जागरूक मतदाता के लोकतंत्र का कोई अस्तित्व नही है बिना जाने समझे मत का प्रयोग एक तरह से मानसिक गुलामी है कुँवर संजय भारती ने नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया विषय पर बात रखते हुए किताबों के चयन एवं पुस्तकालय प्रयोग करने के तरीकों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ0 अरूण कान्त गौतम, डॉ0 विश्वनाथ द्विवेदी, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 सुधा, डॉ0 विजय लक्ष्मी यादव, डॉ0 अजीत प्रताप सिंह, डॉ0 मनोज गुप्ता, डॉ0 शाहिद परवेज, डॉ0 महेन्द्र यादव, डॉ0 पूनम, डॉ0 संगीता, डॉ0 वालेन्तिना प्रिया व अन्य प्रवक्तागण भी उपस्थित रहें। रात्रि मे छात्राओं पल्लवी, प्रज्ञा, आयुषी, शिवानी, नीतू, सलोनी, आदि ने सांस्कृतिक संध्या के अन्तर्गत लोकगीत, लोकनृत्य तथा लघु नाटिका दहेज और समाज का मंचन किया।

04. 15 दिसम्बर 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के शिविर चौथे दिन प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव तथा कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में छात्राओं ने चयनित ग्रामों में पूर्ण साक्षरता अभियान चलाकर निरक्षर प्रौढ़ ग्रामवासियों तथा बच्चों को साक्षर बनाया। दूसरे पहर महाविद्यालय में 2:30 बजे प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह की अध्यक्षता में महिला सुरक्षा विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ0 अखिलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि महिला सुरक्षा के लिए तथा समाज में महिलाओं के प्रति हो रहे अन्याय को दूर करने के लिए महिला शिक्षा के साथ–साथ उनमें आत्मविश्वास जागृत करना आवश्यक है। नैतिकता के अभाव में महिलाओं पर ज्यादा अत्याचार हो रहे हैं। महिला सुरक्षा के लिए कानून,बनाने के साथ–साथ एक नैतिक वातावरण तथा समाज में शिक्षा एवं ज्ञान द्वारा उच्च नैतिक मूल्यों को स्थापित किया जाय। शिविरार्थी छात्राओं अदिति, साक्षी, निलुपमा, आदि ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्तागण डॉ0 शाहिद परवेज, डॉ0 विजय प्रकाश सिंह, डॉ0 चन्द्रभान, कुँवर संजय भारती, डॉ0 सुधा, डॉ0 पूनम, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 अरूणकान्त गौतम, डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ0 राजेश कुमार, डॉ0 आनन्द कुमार, डॉ0 अजीत प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे। रात्रि में छात्राओं राधिका, करिश्मा, रिम्पी, नगमा, अन्तिमा आदि ने सांस्कृतिक संध्या के अन्तर्गत लघु नाटिका का मंचन किया।

05. 16 दिसम्बर 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना दोनो इकाईयों के शिविर के पाँचवे दिन प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव तथा कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में शिविरार्थी छात्राओं ने चयनित ग्रामों ताजनपुर एवं अफजलपुर में पूर्ण साक्षरता अभियान चलाकर निरक्षर प्रौढ़ ग्रामवासियों तथा बच्चों को साक्षर बनाने का प्रयास किया। दूसरे पहर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह की अध्यक्षता में यातायात सुरक्षा विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए संभागीय निरीक्षक श्री विपिन कुमार ने यातायात से जुड़े नियमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया असावधानी एवं यातायात के नियमों का पालन नहीं करने से सड़क दुर्घटनाओं में प्रत्येक वर्ष मौतों का आँकड़ा बढ़ता जा रहा है। सड़कों पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन खुद करें व दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्तागण डॉ0 विजय प्रकाश सिंह, डॉ0 चन्द्रभान, कुँवर संजय भारती, डॉ0 सुधा, डॉ0 पूनम, डॉ0 शाहिद परवेज, डॉ0 अरूण कान्त गौतम, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ0 राजेश कुमार, डॉ0 आनन्द कुमार, डॉ0 अजीत प्रताप सिंह भी उपस्थित रहें। रात्रि में छात्राओं ममता, दीपांजलि, मानसी, शिखा आदि ने सांस्कृति संध्या के अन्तर्गत लघु नाटिका का मंचन किया।

06. 17 दिसम्बर 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर दोनो इकाईयों के छठे दिन शिविरार्थी छात्राओं ने प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सीमा यादव के निर्देशन में चयनित ग्रामों में ससमन्वित जागरूकता कार्यक्रम चलाकर पर्यावरण जागरूकता, साफ–सफाई, चूने का छिड़काव, नारा लेखन, साक्षरता, स्वास्थ्य एवं मतदाता जागरूकता आदि समस्त कार्यों का सम्पादन किया। दूसरे पहर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन किया गया। बौद्धिक संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ0 ज्योति प्रकाश ने आयुर्वेद और योगा से जुड़ी जानकारियाँ शिविरार्थी छात्राओं को दी। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद और योग स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है, योग से शरीर को निरोगी रखा जा सकता है। शिविरार्थी छात्राओं साक्षी, सृष्टि आदि ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य प्रवक्तागण डॉ0 विजय प्रकाश सिंह, डॉ0 चन्द्रभान, कुँवर संजय भारती, डॉ0 सुधा, डॉ0 अरूणकान्त गौतम, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, डॉ0 राजेश कुमार, डॉ0 आनन्द कुमार, डॉ0 अजीत प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे। रात्रि में छात्राओं का उत्साहवर्द्धन करने एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सांस्कृतिक संध्या के अन्तर्गत विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

07. 18 दिसम्बर 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो के सात दिवसीय विशेष शिविर का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो0 शेफाली सिंह ने कहा कि शिविर में प्राप्त अनुभवों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में प्रयोग में लाये तभी राष्ट्रीय सेवा योजना की सार्थकता सिद्ध होगी। शिविरार्थी छात्राओं शशि, अनामिका, गरिमा, काजल आदि ने सरस्वती वन्दना, नृत्य, लघु नाटिका, गायन आदि प्रस्तुत किया। कैम्प कमाण्डर अदिति ने शिविर में प्राप्त अनुभवों को अपने सहयोगियों के साथ साझा किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सीमा यादव ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार यादव ने साप्ताहिक जागरूकता का वृत्त चित्र प्रस्तुत कर सहयोग के लिए सभी का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ0 विश्वनाथ द्विवेदी, डॉ0 अरूण कान्त गौतम, डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा, कुँवर संजय भारती, डॉ0 नन्दन सिंह, डॉ0 अजीत प्रताप सिंह, डॉ0 अतुल कुमार कनौजिया, डॉ0 अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0

सुधा, डॉ० चन्द्रभान, डॉ० महेन्द्र यादव, डॉ० पूनम, डॉ० संगीता डॉ० वालेन्तिना प्रिया, प्रो० रवीन्द्र वर्मा व अन्य प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे।

इस प्रकार उपर्युक्त विवरणानुसार 2019–20 में गठित दोनों इकाईयाँ राष्ट्रीय सेवा योजना के बहुआयामी उद्देश्यों की पूर्ति में वर्ष पर्यन्त कार्यरत रही। सात दिवसीय विशेष शिविर के समस्त क्रिया–कलाप सोत्साह रूप सकुशल सम्पन्न हुए। प्राचार्य जी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन मंगलमयी शुभकामनाओं के साथ किया।

प्रो० (शेफाली सिंह)
प्राचार्य/संरक्षक
रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अकबरपुर, अम्बेडकरनगर।

डॉ०(राजेश कुमार यादव)
प्रभारी/कार्यक्रम अधिकारी
रा०से०यो० इकाई एक

राष्ट्रीय सेवा योजना

# रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## अकबरपुर–अम्बेडकरनगर (उ0प्र0)

सात दिवसीय विशेष शिविर (दिवा–रात्रि) | चयनित ग्राम–ताजनपुर एवं अफजलपुर

वर्ष 2019–2020

सम्मान्य महोदय/महोदया,

सादर सूच्य है कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय का सात दिवसीय विशेष शिविर (दिवा–रात्रि) दिनांक 12.12.2019 से 18.12.2019 तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि डॉ0 समीर सिन्हा, समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के कर कमलों द्वारा दिनांक 12.12.2019 को पूर्वान्ह 11.30 बजे सम्पन्न होगा।

शिविर का समापन प्राचार्य द्वारा दिनांक 18.12.2019 को अपराह्न 01:00 बजे होगा।

उक्त अवसरों पर तथा शिविर के प्रतिदिन की बौद्धिक एवं सामयिक संगोष्ठी में अपनी उपस्थिति से महाविद्यालय परिवार को अनुगृहीत कीजिएगा।

| डॉ0 राजेश कुमार यादव | डॉ0 सीमा यादव | प्रो0 शेफाली सिंह |
|---|---|---|
| प्रभारी/कार्यक्रम अधिकारी | कार्यक्रम अधिकारी | प्राचार्य/संरक्षक |
| रा0से0यो0–इकाई प्रथम | रा0से0यो0–इकाई दो | रा0से0यो0 |

# रा0 से0 यो0 बौद्धिक संगोष्ठी कार्यक्रम

| दिनांक/दिन | | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 12.12.2019, | बृहस्पतिवार: | उद्‌घाटन |
| 13.12.2019, | शुक्रवार | : पर्यावरण जागरूकता एवं स्वच्छता |
| 14.12.2019, | शनिवार | : लोकतंत्र : मतदाता जागरूकता एवं युवा |
| 15.12.2019, | रविवार | : यातायात सुरक्षा में युवा सहभागिता |
| 16.12.2019, | सोमवार | : महिला सुरक्षा : समसामयिक परिप्रेक्ष्य |
| 17.12.2019, | मंगलवार | : स्वास्थ्य परिचर्चा |
| 18.12.2019, | बुधवार | : समापन समारोह |

प्रतिदिन इकाई एक की शिविरार्थी छात्रायें चयनित ग्राम–ताजनपुर में एवं इकाई दो की छात्रायें ग्राम–अफजलपुर में प्रातः 9:00 बजे से 01:30 बजे तक जन–जागरण, स्वच्छता, साक्षरता, मतदाता जागरूकता, श्रमदान, पर्यावरण संरक्षण एवं रा0से0यो0 के अन्य मुख्य लक्ष्यों/कार्यों को सम्पादित करेगीं।

अपराह्न 2:30 बजे से 4:30 बजे तक बौद्धिक संगोष्ठी एवं रात्रि में 7:00 बजे से 9:00 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम शिविरार्थियों की दैनन्दिनी होगी।

१७




राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 150वीं -
जयन्ती व राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर
विश्वविद्यालय में गायन प्रस्तुत करती छात्रा



मंच पर उपस्थित कुलपति महोदय (मुख्य-
अतिथि), कार्यक्रम समन्वयक व अन्य





150वीं जयन्ती के अवसर पर सभा को सम्बोधित करते कुलपति महोदय



महात्मा-गाँधी की 150वीं जयन्ती पर प्रश्नोत्तरी में भाग लेती छात्राएं


12



प्राचार्य महोदया द्वारा शपथ ग्रहण करती छात्राएं
( स्वच्छता की शपथ )



वृक्षारोपण करती छात्राएं




चयनित ग्रामों में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करती छात्राएं





राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर
"मेंहदी प्रीतयोगिता" में भाग लेती छात्राएं






राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रैली निकालती
व रंगोली बनाती छात्राएं





सप्त-दिवसीय विशेष शिविर में "बौद्धिक संगोष्ठी" में उपस्थित वक्तागण व शिविरार्थी छात्राएं





सप्त-दिवसीय विशेष शिविर में गाँवों में
"प्रौढ़-शिक्षा अभियान" चलाती छात्राएं





सप्त - दिवसीय विशेष - शिविर में "सांस्कृतिक - संध्या" में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं



सप्त - दिवसीय विशेष शिविर में शील भोजन बनाती छात्राएं



समापन-समारोह के अवसर पर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते प्रभारी / कार्यक्रमाधिकारी (इकाई-एक)



प्रभारी / कार्यक्रमाधिकारी का बैज अलंकरण करती कैंप कमान्डर



समापन - समारोह में प्राचार्या महोदया को स्मृति-चिन्ह व
पुष्प-गुच्छ भेंट करते प्रभारी / कार्यक्रमाधिकारी





COVID-19 महामारी के दौरान "मास्क" वितरित करती छात्राएं



शुक्रवार • 19.07.2019
lucknow.amarujala.com

अमर उजाला my city अंबेडकरनगर

# 'जल संरक्षण को लेकर सभी का जागरूक होना जरूरी'

## रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुई गोष्ठी

माई सिटी रिपोर्टर

अंबेडकरनगर। अकबरपुर नगर स्थित रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को पर्यावरण व जल संरक्षण विषय पर गोष्ठी हुई। वक्ताओं ने जल की उपयोगिता व अनावश्यक दोहन पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि मानव जीवन को चलाने में जल का महत्वपूर्ण योगदान है। इसे बर्बाद करना बिल्कुल उचित नहीं है।

प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने जल संरक्षण के उपायों के बारे में बताते हुए कहा कि जल मानव जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसके बिना पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं है। ऐसे में इसका संरक्षण बेहद जरूरी है। कई बार लोग अनावश्यक पानी की बर्बादी से नहीं हिचकिचाते, लेकिन ऐसे लोगों को गंभीरता से सोचने की जरूरत है कि यदि आज पानी की उपयोगिता को नहीं समझा गया तो आने वाला समय बेहद चुनौतीपूर्ण साबित होगा। वक्ताओं ने कहा कि पृथ्वी पर शुद्ध जल बहुत ही थोड़ी मात्रा में है। इसे यूं ही बर्बाद किया जाएगा तो शुद्ध जल मिलना बेहद मुश्किल होगा। लोगों को पानी का उपयोग उतना ही करना चाहिए, जितने की आवश्यकता हो। वक्ताओं ने जल संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि जलस्तर बढ़ाने के लिए गड्ढे खोदकर ज्यादा से ज्यादा बरसात का पानी इकट्ठा करना चाहिए। इसके बाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें सुनिधा को प्रथम, अंजलि त्रिपाठी को द्वितीय और अंकुर वर्मा तीसरा स्थान मिला। निर्णायक की भूमिका डॉ. अखिलेंद्र प्रताप सिंह, आनंद कुमार व डॉ. विजय सिंह ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा यादव ने किया। इस मौके पर डॉ. अरविंद वर्मा, डॉ. अरुणकांत गौतम, डॉ. सुधा, डॉ. सतीश परवेज, डॉ. राजेश कुमार, सीता पांडेय, अजीत प्रताप सिंह, कुंवर संजय भारती आदि मौजूद रहे।



रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय में कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक व छात्राएं। अमर उजाला

हिन्दुस्तान लखनऊ • बुधवार • 16 अक्टूबर 2019 06

## अम्बेडकरनगर



रमाबाई महिला पीजी कालेज में एनएसएस शिविर में मौजूद छात्राएं • हिन्दुस्तान

# मतदान से राष्ट्र निर्माण में बनें भागीदारः शेफाली

अम्बेडकरनगर| हिन्दुस्तान संवाद

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय विशेष शिविर आयोजित हुआ। कार्यक्रम अधिकारी प्रथम डा. राजेश कुमार यादव एवं द्वितीय डा. सीमा यादव के निर्देशन में आयोजित शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही।

नुक्कड़ नाटक, श्रमदान और गोष्ठी के साथ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी हुआ। चिकित्सक डा. देवेंद्र, डा. हीना एवं डा. नरेंद्र के संयोजन में छात्राओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के बाद दोपहर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक आयोजित हुआ। लोकतंत्र में महिला युवा मतदाता शीर्षक नाटक का मंचन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने स्वच्छता के दृष्टिगत महाविद्यालय के परिसर में श्रमदान भी किया। इसके बाद महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह की अध्यक्षता में जागरूक युवा एवं हमारा राष्ट्र विषयक संगोष्ठी भी आयोजित हुई, जिसमें छात्राओं एवं वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय की प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में शिक्षित युवा मतदाताओं को महत्वपूर्ण भागीदारी होनी चाहिए।

03 हिन्दुस्तान
लखनऊ • मंगलवार • 03 दिसंबर 2019

# अम्बेडकरनगर

## ग्रामीणों को छात्राओं ने किया जागरूक

अम्बेडकरनगर | हिन्दुस्तान संवाद

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रमाधिकारी द्वय डा. राजेश कुमार यादव एवं डा. सीमा यादव के संयोजन में आयोजित शिविर में जागरूकता रैली निकाली गई और गांवों में जनजागरण किया गया। एड्स से बचने के उपाय बताए गए।

जागरूकता रैली को महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने हरी झंडी दिखाई। जागरूकता रैली ताजनपुर एवं अफजलपुर गांव की गलियों में भ्रमण किया और ज्ञानवर्धक नारे लगाए। शिविर में एड्स जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंकुर वर्मा ग्रुप ने तथा द्वितीय स्थान प्रज्ञा त्रिपाठी ग्रुप ने प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका रवीन्द्र वर्मा, आनन्द कुमार एवं चन्द्रभान ने निभाई। प्राचार्य ने कहा नुक्कड़ नाटक जागरूकता फैलाने का सबसे अच्छा माध्यम होते हैं। इस अवसर पर डा. अरविन्द कुमार वर्मा, डा. विश्वनाथ द्विवेदी, डा. सुधा, डा. शाहिद परवेज, डा. अक्षय कांत गौतम, डा. राजेश कुमार, विजय लक्ष्मी पाण्डेय, डा. चन्दन सिंह, डा. विजय प्रकाश सिंह मौजूद रहे।

**चलाया एड्स पर जागरूकता अभियान :** विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष में जागरूकता का अभियान चला। इसके तहत बीएन इंटर कालेज अकबरपुर में खेलकूद प्रतियोगिता हुई और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के सहयोग से टीआई परियोजना की ओर से सोमवार को आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के प्रधानाचार्य विपिन सिंह ने किया। संचालन प्रोजेक्ट प्रबंधक सुधीर सिंह ने किया।

www.jagran.com

# सेवाभाव से महान बनता है व्यक्ति : डॉ. समीर

**रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ, सात दिन चलेगा आयोजन**

संसू, अंबेडकरनगर : रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. समीर सिन्हा ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा शिविर से छात्राओं में सेवा की भावना का विकास होता है। सेवा भाव व्यक्ति को महान बनाती है और मानव कल्याण की तरफ अग्रसर करती है।

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह ने कहा बिना सेवा भाव के हम संपूर्णता प्राप्त नहीं कर सकते। छात्राएं पूरे मनोयोग से शिविर पूरा कर राष्ट्र सेवा का संकल्प लें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश कुमार यादव एवं डॉ. सीमा यादव के संयोजन में सप्ताह भर चलेगा। संचालन करता ने शिविर की रूपरेखा बताते हुए कहा कि छात्राएं प्रत्येक दिन चयनित गांव अफजलपुर एवं ताजनपुर में जागरुकता अभियान चलाएंगी। साथ ही बौद्धिक संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस अवसर पर डॉ. अरविंद कुमार वर्मा, डॉ. विश्वनाथ द्विवेदी, डॉ. शाहिद परवेज, डॉ. अरूणकांत गौतम, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. नन्दन सिंह, संगीता, डॉ. अखिलेंद्र प्रताप सिंह, प्रिया, डॉ. अतुल कनौजिया, डॉ. महेंद्र यादव, आनंद कुमार, डॉ. अजीत प्रताप सिंह, कुंवर संजय भारती, डॉ. विजय प्रकाश सिंह, चंद्रभान आदि मौजूद रहे।

13 हिन्दुस्तान
लखनऊ • शुक्रवार, 13 दिसंबर 2019

# मानव सेवा का भाव जगाती है रासेयो

अंबेडकरनगर | हिन्दुस्तान संवाद

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का गुरुवार को शुभारम्भ हुआ। सप्त दिवसीय शिविर का उद्घाटन डा. राम मनोहर लोहिया अवध विवि अयोध्या के राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डा. समीर सिन्हा किया। उद्घाटन के मौके पर शिविरार्थी छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शिविर 18 दिसम्बर तक आयोजित होगा।

राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के उद्घाटन मौके पर मुख्य अतिथि अवध विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डा. समीर सिन्हा कहा कि ऐसे दिन रात के शिविर से छात्राओं में सेवा की भावना का विकास करता है। कहा सेवा व्यक्ति को महान बनाती है और मानव कल्याण की तरफ अग्रसर करती है। अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने कहा बिना सेवाभाव के हम संपूर्णता प्राप्त नहीं कर सकते हैं। छात्राओं से राष्ट्र सेवा का संकल्प लेने का आह्वान किया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रथम इकाई डा. राजेश कुमार यादव ने किया। वहीं कार्यक्रम अधिकारी द्वितीय इकाई डा. सीमा यादव ने सात दिनी दिन-रात के शिविर का वृत्त प्रस्तुत किया। बताया कि चयनित ग्राम ताजनपुर और अफजलपुर में प्रतिदिन जन जागरण का अभियान चलेगा। जागरण का अभियान प्रतिदिन सुबह नौ बजे से डेढ़ बजे तक और दोपहर में ढाई बजे से साढ़े चार बजे तक बौद्धिक संगोष्ठी होगी। इस अवसर पर डा. अरविन्द कुमार वर्मा, डा. विश्वनाथ द्विवेदी, डा. शाहिद परवेज, डा. अरुणकांत गौतम, डा. राजेश कुमार, डा. नन्दन सिंह, संगीता, डा. अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, वालेंटिना प्रिया, डा. अतुल कनौजिया, डा. महेन्द्र यादव, आनन्द कुमार, डा. अजीत प्रताप सिंह, डा. विजय प्रकाश सिंह, चन्द्रभान मौजूद रहे।

## पर्यावरण जागरूकता और स्वच्छता पर संगोष्ठी आज

रमाबाई के सात दिनी राष्ट्रीय सेवा योजना के दूसरे दिन शुक्रवार को पर्यावरण जागरूकता और स्वच्छता पर बौद्धिक संगोष्ठी होगी। वहीं 14 दिसम्बर को लोकतंत्र मतदाता जागरूकता एवं युवा पर, 15 दिसम्बर को यातायात सुरक्षा में युवा सहभागिता पर, 16 दिसम्बर को महिला सुरक्षा, समसामयिक परिपेक्ष्य पर, 17 दिसम्बर को स्वास्थ्य परिचर्या पर बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन होगा।

51

शनिवार 14.12.2019
3
lucknow.amarujala.com

अमर उजाला my city अंबेडकरनगर

# 'पर्यावरण बचाने को सभी समझें अपनी जिम्मेदारी'

## एनएसएस की छात्राओं ने चलाया सफाई अभियान, ग्रामीणों को किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी





रमाबाई पीजी कॉलेज में एनएसएस शिविर को संबोधित करते वक्ता व शिविर में मौजूद छात्राएं।

अंबेडकरनगर। जिला मुख्यालय स्थित रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय में चल रहे एनएसएस शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को पर्यावरण एवं स्वच्छता विषय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें आह्वान किया गया कि न सिर्फ खुद स्वच्छता के प्रति जागरूक हों बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। जागरूकता के आधार पर ही पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सकता है। बाद में छात्राओं ने ताजनपुर व अफजलपुर में साफ सफाई अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

गोष्ठी का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. शेफाली ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीपार्चन कर किया। छात्राओं से आह्वान किया कि न सिर्फ वे खुद अपने घर व आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई रखें बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। जागरूकता के आधार पर ही पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सकता है। कहा कि जिस प्रकार से लगातार पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, वह आने वाले समय के लिए काफी हानिकारक है। इसका स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण को लेकर सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। सभी के संयुक्त सहयोग से ही पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सकता है। बाद में छात्राओं ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश यादव व डा. सीमा यादव के नेतृत्व में ताजनपुर व अफजलपुर में साफ सफाई अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों को साफ सफाई के प्रति जागरूक भी किया गया। कहा गया कि वे सड़क पर या गलियों में कूड़ा करकट न फेंकें। गन्ने की सूखी पत्ती न जलाएं। इससे पर्यावरण को नुकसान होता है। इस दौरान डॉ. अरुणकांत गौतम, डॉ. अखिलेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. महेंद्र यादव, डॉ. नंदन सिंह, डॉ. अजित प्रताप सिंह, कुंवर संजय भारती आदि मौजूद रहे।

53

हिन्दुस्तान अम्बेडकरनगर 14.12.2019 पेज नं0–06

# स्वच्छ परिवेश से ही संभव है बौद्धिक विकास

**शिविर**

- राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत गांव में चला सफाई अभियान
- पर्यावरण और स्वच्छता के प्रति गंभीर रहने की जरूरत

संसू, अंबेडकरनगर : रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन शिविरार्थी छात्राओं ने डॉ. राजेश कुमार यादव एवं डॉ. सीमा यादव के संयोजन में गांव ताजनपुर एवं अफजलपुर में सफाई अभियान चलाया। शिविर में बौद्धिक संगोष्ठी पर्यावरण जागरुकता व स्वच्छता विषय पर आयोजित की गई।

संगोष्ठी में वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ. अखिलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि स्वच्छता मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है, स्वस्थ शरीर, निश्छल मन एवं बौद्धिक विकास स्वच्छ परिवेश से ही संभव है। डॉ. विजय प्रकाश सिंह ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण मानव जाति के साथ ही समस्त जीव जंतुओं के लिए आवश्यक है। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह ने कहा पर्यावरण और स्वच्छता के प्रति हमें जागरुक रहने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा यादव ने किया। इस अवसर पर डॉ. अरूण कांत गौतम, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. नंदन सिंह, संगीता, प्रिया, डॉ. महेंद्र यादव, आनंद कुमार, डॉ. अजीत प्रताप सिंह, कुंवर संजय भारती, चंद्रभान आदि मौजूद रहे।

रविवार - 15.12.2019
lucknow.[illegible].com
6

अमर उजाला my city अंबेडकरनगर

# एनएसएस की छात्राओं ने चलाया प्रौढ़ शिक्षा अभियान

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबेडकरनगर। जिला मुख्यालय स्थित रमाबाई राजकीय महिला पीजी कॉलेज की एनएसएस छात्राओं ने शनिवार को अकबालपुर व बरवां नसीरपुर गांव पहुंचकर प्रौढ़ शिक्षा अभियान चलाया। साथ ही क्षय रोग व खून की कमी के बारे में भी विस्तार से जानकारी ग्रामीणों को दी। कहा गया कि जागरूकता से ही इन रोगों से बचा जा सकता है।

रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस शिविर का आयोजन चल रहा है। इसके तहत शनिवार को छात्राओं ने अकबालपुर व बरवा नसीरपुर गांव पहुंचकर प्रौढ़ शिक्षा अभियान चलाया। ग्रामीणों को छात्राओं ने हस्ताक्षर करना सिखाया। कहा कि साक्षरता के आधार पर हम अपने अधिकार को प्राप्त कर सकते हैं। कहा कि शिक्षा ग्रहण करने की कोई आयु सीमा नहीं होती। ऐसे में सभी को चाहिए कि वह शिक्षा ग्रहण करें। कहा कि किसी भी समाज व देश का विकास तभी हो सकता है, जब सभी साक्षर हों।

छात्राओं ने दोनों गांव में साफ सफाई अभियान भी चलाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा यादव के नेतृत्व में छात्राओं ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे सफाई के प्रति पूरी तरह जागरूक रहें। स्वच्छता के आधार पर विभिन्न प्रकार के रोगों को फैलने से बचाया जा सकता है। ग्रामीणों को क्षय रोग व खून की कमी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि खून की कमी होने से विभिन्न प्रकार के रोग होते हैं। ऐसे में इससे बचने के लिए आयरनयुक्त भोजन ग्रहण करना चाहिए। इससे पहले कॉलेज परिसर में भारतीय लोकतंत्र में मतदाता जागरूकता विषय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। प्राचार्य डॉ. शेफाली सिंह ने कहा कि जब तक शत-प्रतिशत मतदान नहीं होगा तब तक योग्य प्रतिनिधि का चुनाव नहीं हो सकेगा। इस दौरान डॉ. अखिलेंद्र, डॉ. महेंद्र, डॉ. संगीता, डॉ. आनंद, डॉ. नंदन सिंह आदि मौजूद रहे।

## प्रधानाध्यापकों को मिली तकनीकी जानकारी

अंबेडकरनगर। जलालपुर विकासखंड में खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। इसमें प्रथम इंडिया फाउंडेशन के प्रशिक्षक [illegible] गुप्ता व [illegible] तिवारी ने ब्लॉक के सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण कराया। साथ ही ऑपरेशन कायाकल्प के लिए तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण के जरिए अध्यापकों को जो भी तकनीक आधारित प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं, उस पर गंभीरता के साथ फोकस करना होगा। यह प्रशिक्षण विभिन्न दृष्टिकोण से लाभदायी है। इन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को बेहतर ज्ञान प्रदान करने के लिए सभी को फोकस करने की जरूरत है। गुणवत्तापरक शिक्षा से ही छात्र-छात्राओं में प्रतिभा का विकास किया जाता है।

हिन्दुस्तान अम्बेडकरनगर 15.12.2019 पेज नं0–06

हिन्दुस्तान • लखनऊ • रविवार • 15 दिसंबर 2019 • 06

# ग्रामीण महिलाओं को हस्ताक्षर करना सिखाया

**प्रौढ़ शिक्षा अभियान**

अंबेडकरनगर | हिन्दुस्तान संवाद

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर का दिन रात का राष्ट्रीय सेवा योजना जारी रहा। सात दिनी शिविर के तीसरे दिन शिविरार्थी छात्राओं ने कार्यक्रमाधिकारी प्रथम डा. राजेश कुमार यादव एवं द्वितीय डा सीमा यादव की अगुवाई में चयनित गांवों ताजनपुर और अफजलपुर में प्रौढ़ शिक्षा का अभियान चलाया।

सुबह चले अभियान में महिलाओं को पढ़ना और लिखना खासकर निरक्षर महिलाओं को हस्ताक्षर करना सिखाया। साथ ही क्षय रोगी और एनिमिक महिलाओं का सर्वेक्षण किया। वहीं दोपहर में महाविद्यालय के सभागार में बौद्धिक संगोष्ठी हुई। भारतीय लोकतंत्र में मतदाता जागरुकता विषयक संगोष्ठी में डा. चन्द्रभान ने कहा कि एक जागरुक मतदाता मजबूत और पारदर्शी लोकतंत्र की रीढ़ होता है। कुंवर संजय भारती ने नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी आफ इंडिया विषय पर बात रखते हुए किताबों के चयन एवं पुस्तकालय प्रयोग करने के तरीकों पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता कर रहीं प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने कहा राष्ट्र निर्माण के लिए मतदान करना आवश्यक है। संचालन डा. सीमा यादव ने किया। डा. अरुण कांत गौतम, डा. राजेश कुमार, डा. नन्दन सिंह, डा. अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, संगीता, वालेंटिना प्रिया, डा. महेन्द्र यादव, आनन्द कुमार, डा. अजीत प्रताप सिंह, डा. विजय प्रकाश सिंह, अवधेश नंदिनी संगोष्ठी में मौजूद रहीं।